हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

11 25 को करेंगे जनस्वास्थ्य मंत्री के बावल आवास का घेराव, बैठक में लिया निर्णय



12 पर्यटन विभाग की टीम ने महेंद्रगढ़ व माधोगढ़ किले का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### जैन मुनि आचार्य भूषण का नारनौल में प्रवेश आज

**नारनौल।** शहर की पावन धरा पर आचार्य मुनि श्री 108 धर्म भूषण महाराज के शिष्य आचार्य मुनि श्री 108 विज्ञान भूषण का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश नौ जुलाई को सुबह नौ बजे होगा। जिसमें जैन समाज के पुरुष, महिलाएं व बच्चे सुबह आठ बजे रेवाड़ी रोड पंकज जैन के घर पर एकत्रित होंगे। पारसनाथ जैन मंदिर के पूर्व मिडिया प्रभारी गोपाल जैन बताया कि जैन समाज की तरफ से महाराज श्री का मंगल प्रवेश रेवाड़ी रोड पंकज जैन के घर से बस स्टैंड, महावीर चौक, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सिलाई सेंटर, तालाब बहादुर सिंह होते हुए श्री 1008 शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर में मंगल प्रवेश होगा।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स आज करेंगी प्रदर्शन

**नारनौल।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा संबंधित स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया व एआईयूटीयूसी की राज्य प्रधान कृष्णा देवी ने कहा कि नौ जुलाई को महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसे राज्य प्रधान कृष्णा देवी व एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह संबोधित करेंगे। राज्य प्रधान कृष्णा देवी, जिला सचिव संतोष ढिल्लो, ब्लॉक प्रधान कृष्णा कुमारी, कमलेश, बलजीत, कृष्णा देवी ने जिलेभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं से नौ जुलाई को महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रातः 10 बजे पहुंचने की अपील की है।

### समशेर बने सामाजिक संगठन के प्रदेश महासचिव

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव स्याणा निवासी समशेर कोसलिया को मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण नामक सामाजिक संगठन का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पटेल की ओर से की गई है।

# नेटवर्क स्लो होने के चलते अपलोड नहीं हो पाई पोर्टल पर जमीन, पहले दिन 6 कैनाल जमीन का रजिस्ट्रेशन

- गांव खुडाना में प्रस्तावित आईएमटी के लिए गांव में पहुंची राजस्व व एचएसआईआईडीसी की टीम
- गांव पंचायत की ओर से मंगलवार को उपलब्ध कराई जाएंगी वाईफाई सुविधा
- किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा



महेंद्रगढ़। गांव खुडाना में ई भूमि पोर्टल पर किसानों की जमीन अपलोड करने के लिए पहुंचे अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव खुडाना में प्रस्तावित आईएमटी के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कराने के लिए सोमवार को राजस्व व एचएसआईआईडीसी की टीम गांव में पहुंची, लेकिन नेटवर्क की समस्या होने के चलते केवल 8 कैनाल जमीन ही पोर्टल पर अपलोड हो पाई। मंगलवार को ग्राम पंचायत की ओर से टीम को वाईफाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके बाद प्रतिदिन टीम गांव में पहुंचकर ई भूमि पोर्टल पर किसानों की अपलोड करेगी।

बता दें कि 24 फरवरी 2019 को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव खुडाना में आईएमटी की आधारशिला रखी थी। सरकार की ओर से करीब एक हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया था, लेकिन रास्ते की जमीन की अड़चन के चलते आईएमटी की योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। 5 जुलाई को पीडब्ल्यूडी रेस्ट में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों की बैठक ली थी। बैठक में किसानों की समस्याएं सुनने के बाद उनकी सभी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद किसान अपनी जमीन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए राजी को गए थे। वहीं टीम को सोमवार को गांव में पहुंचकर ई भूमि पोर्टल की जमीन अपलोड करनी थी, लेकिन नेटवर्क की समस्या के चलते केवल 8 एकड जमीन पोर्टल पर अपलोड हो पाई।

### पूर्व शिक्षामंत्री के नेतृत्व में किसान मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात

पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा काफी समय से किसानों से संपर्क बनाए हुए हैं। 5 जुलाई से पहले भी कई बार किसानों से मिलकर बातचीत कर चुके हैं। शुक्रवार को आयोजित हुई बैठक में भी पूर्व शिक्षामंत्री ने आश्वासन दिया था कि वह किसानों के साथ हैं। किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। ई भूमि पोर्टल पर जमीन अपलोड होने के बाद किसानों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की जाएंगी तथा किसानों को सभी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### 17 एकड जमीन को लेकर फंसा पेच

गांव खुडाना प्रस्तावित आईएमटी में दो गेट बने हैं। गेट को मुख्य मार्ग से जोडने वाले मार्ग में करीब 17 एकड जमीन को लेकर पेंच फंसा हुआ है। सरकार का प्रयास है कि गेट नंबर 2 वाले रास्ते का हल निकल जाएं, ताकि आईएमटी के निर्माण आगामी प्रकिया पूरी की जा सकें। इस मार्ग पर ग्राम पंचायत आकोदा, ग्राम पंचायत खुडाना व 17 एकड जमीन किसान की लगती हैं। किसान सरकारी रेट से तीन गुणा रेट की डिमांड कर रहे हैं। वहीं गेट नंबर दो आदलपुर व खुडाना के किसानों की जमीन लगती हैं। जिसमें 44 एकड़ खुडाना व 21 एकड आकोदा के किसानों जमीन है। इसलिए सरकार का प्रयास है कि गेट नंबर दो की जमीन का समाधान करके जल्द से जल्द आईएमटी की आगामी प्रक्रिया शुरू की जा सकें।

## सिटी हार्ट ओयो होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर के पुरानी कचहरी रोड स्थित सिटी हार्ट ओयो होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहल्ला रावका में बीती शाम को एक छूछक समारोह था, जिसमें जयपुर से भी रिश्तेदार आए हुए थे। इन्हीं रिश्तेदारों में से एक जयपुर के मोहल्ला त्रिपोलिया चोमू निवासी करीब 42 वर्षीय राकेश कुमार सैनी सिटी हर्ट होटल में रूका हुआ था, जिनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल भी लेकर गए, जहां पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक राकेश कुमार सैनी मोहल्ला रावका नारनौल में विवाहित है और यहां पर छूछक समारोह में आया हुआ था, लेकिन अचानक उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मौत की पुष्टि के लिए ही शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## दिल्ली पुलिस में नौकरी का झांसा देकर विधवा से ठगे 7.97 लाख रुपये

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने आठ लाख रुपये ठगने एवं 7 लाख की और मांग करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ अटेली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चावण्डी थाना मांढण निवासी सविता ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि अजय का उसके जानकार तिगरा निवासी रोहित कुमार के साथ मित्रता है। इसलिए वह अजय को जानती थी। एक दिन अजय ने उससे कहा कि वह उसे दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवा देगा। वहां अच्छी पहचान है। परंतु इसके लिए कुछ पैसे लगेंगे। अजय ने उसको बड़े-बड़े सपने दिखाकर अपनी मीठी-मीठी बातों के जाल में फंसाकर उसके साथ पैसों की ठगी व लूट की है। गत 18 नवंबर 2011 को अजय ने उसको दिल्ली पुलिस में लगवाने के लिए चार लाख रुपये नकद मंगवाए। जोकि अजय कुमार के घर जाकर चार लाख रुपये नगद दिए। उसके बाद दोबारा चार लाख रुपये और मांगने पर दो दिसंबर 2023 को तीन लाख 97 हजार रुपये एसबीआई के खाते में डलवा दिए। उसके बाद उसने और 7 लाख रुपये मांग की और कहा कि कल ही नौकरी लगवा देगा, लेकिन बार-बार रुपये मांगने पर उसने अजय को और पैसा देने से मना कर दिया। अब जब पैसे वापस मांगें तो अंत में उसने गाड़ी से कुचलने एवं जान से मारने की धमकी दी। अटेली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नगर परिषद ने रेहड़ियां हटाने की दी थी चेतावनी

# चितवन वाटिका से हटेंगी रेहड़ियां, बनेगा पार्क, दूसरी जगह रेहड़ी शिफ्टिंग की मांग

- पांच साल से रेहड़ी लगा रहे लोगों ने सरकार की पॉलिसी के अनुसार उचित जगह देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

चितवन वाटिका में रेहड़ी लगाकर सब्जी बेचने वाले दुकानदारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई है, क्योंकि नगर परिषद चितवन वाटिका को पार्क के रूप में विकसित करना चाहती है और इसके टेंडर भी हो चुके है तथा अब कभी भी काम शुरू किया जा सकता है। इसी को लेकर गत शुक्रवार सायं को नगर परिषद की ओर से इन्हें मौखिक चेतावनी दी गई थी कि वह अब यहां रेहड़ी लगाना बंद कर दें अन्यथा उनकी रेहड़ियों को जब्त कर लिया जाएगा। इसको लेकर रेहड़ी चालकों में रोष है। सोमवार दोपहर को उन्होंने महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के सामने खड़े होकर रोष प्रकट किया और नारेबाजी करते हुए सरकारी नियमों के अनुसार उन्हें रेहड़ी लगाने की उचित जगह अलॉट करने की मांग की।

रेहड़ी चालक सुबेसिंह, सीताराम, रमेश कुमार, रतनलाल, सुभाष, भारत, संजय, राजेंद्र, गजेसिंह, शिव कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक, राजकुमार, पवन, प्रेम, विनोद, सुरेंद्र, अनिल, गणेश, लल्लूराम, मुकेश, शिवलाल, सुभाष, विकास, सुनील, रामकिशन, मोनू, महेंद्र व दिनेश आदि ने कहा कि वह करीब पांच सालों से चितवन वाटिका में रेहड़ी लगाकर सब्जी बेचकर अपने परिवारों का पालन पोषण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले वह शहर में सड़कों के किनारे रेहड़ी लगाकर सब्जी बेचते थे, लेकिन तब यहां के विधायक एवं तत्कालीन मंत्री ओमप्रकाश यादव ने उनसे सड़क हादसों का भय बताते हुए रेहड़ी चितवन वाटिका में लगाने की बात कही। तब उन्होंने उनकी बात को स्वीकार कर लिया था और रेहड़ी सड़क पर लगाने की बजाए चितवन वाटिका में लगाने लगे थे। तबसे अब तक निरंतर यहीं पर ग्राहक आने लगे हैं और वह सब्जियां बेचकर अपने परिवार पाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अब यहां पार्क विकसित करना चाहती है।

शुक्रवार सायं को नगर परिषद के दो कर्मचारी आए तथा हम सभी को यहां से रेहड़ी हटाने की बात कहकर गए। अब यहां पर कोई रेहड़ी नहीं दिखनी चाहिए, क्योंकि यहां पार्क बनेगा। उन्होंने बताया कि इस पार्क में करीब 200-300 रेहड़ियां लगती हैं और कोई भी दो दिनों से सब्जी लाकर नहीं बेच रहे हैं। सभी बेरोजगार हो गए हैं तथा वह सभी गरीब परिवारों से हैं। सब्जी बेचकर बड़ी मुश्किल से अपने परिवारों का गुजारा कर रहे हैं, लेकिन अब यहां से रेहड़ी बंद करने से वह बेरोजगार हो गए हैं। हम सभी रेहड़ी वालों ने लाइसेंस भी बनवाया हुआ है और सभी ने 10, 20 एवं 50 हजार रुपये तक का लोन भी लिया हुआ है। रेहड़ी बंद करने से अब उनका गुजारा करना ही मुश्किल नहीं हो रहा, बल्कि यह ऋण चुकाना भी दुष्कर हो जाएगा। हमारी मांग है कि सरकार की पॉलिसी के तहत उन्हें रेहड़ी लगाने के लिए उचित जगह दी जाए।





**नारनौल।** चितवन वाटिका में अग्रसेन प्रतिमा के सामने नारेबाजी करते रेहड़ीवाले व चेतावनी के बाद चितवन वाटिका में बिना सब्जी के खाली खड़ी रेहड़ियां।

### चितवन वाटिका का इतिहास

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने बनी चितवन वाटिका का नामकरण सन 1994-95 में नगर पालिका के तत्कालीन चेयरमैन किशन चौधरी के कार्यकाल में किया गया था। पहले यह महज पार्क था और करीब 10 फुट गहराई में बना था, लेकिन सन 1991-92 में जब जल महल की खुदाई की गई, तब उसकी मिट्टी लाकर इसमें भर दी गई थी और इसका लेवल सड़क से थोड़ा ऊंचा कर दिया गया था। बाद में यह नगर परिषद की उपेक्षा का शिकार हो गई तथा इसमें राजनीतिक जलसे एवं रैलियां होने लगे। फिर इसमें अवैध वाहन पार्किंग बन गई और पार्क गली में बनी धर्मशाला वाले विवाह-शादियों की बुकिंग में इसे वाहन खड़ा करने में प्रयोग करने लगे। इससे वाटिका का अस्तित्व ही खत्म हो गया। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल में यहां शॉपिंग कांपलेक्स बनाने की तैयार की गई, लेकिन कुछ नहीं बना और पांच साल निकल गए। जब नगर परिषद की वर्तमान कार्यकारिणी चुनाव जीतकर आई, तब नगर पार्षद नितिन चौधरी एडवोकेट, संदीप जैन, अजय सिंघल, मोहित मित्तल उर्फ शैंकी, अंजना अग्रवाल आदि ने नगर परिषद मीटिंग में इसका विरोध किया, बल्कि ज्ञापन देकर चितवन वाटिका को पुनः पार्क के रूप में विकसित करने की मांग की।

### वाटिका में बनेगा पार्क

चितवन वाटिका को करीब 79 लाख रुपये की लागत से पार्क में तब्दील किया जाएगा। चारों तरफ बाउंड्री की मरम्मत की जाएगी। पार्क में पेड़ पौधे, लाइटें और डस्टबिन रखे जाएंगे। वहीं पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए दो गजिपो (झोपड़ीनुमा) बनाई जाएंगी। बारिश से बचने के लिए बैठने की व्यवस्था रहेगी। चितवन वाटिका में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाने की भी योजना है, जिससे पार्क की सुंदरता को चार चांद लग सकेंगे। शहरवासियों को पार्क में घूमने के साथ-साथ ओपन जिम की भी सुविधा मिलेगी।

### यह कहते हैं अधिकारी

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा चितवन वाटिका को पार्क के रूप में विकसित किया जाना है। इसलिए यहां से रेहड़ियों को हटाना पड़ेगा।

### यह कहती हैं चेयरपर्सन

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने बताया कि चितवन वाटिका में पार्क बनना है। इसका करीब 79 लाख रुपये का टेंडर हुआ है। शीघ्र ही काम शुरू किया जाएगा। वहीं रेहड़ी वालों का मामला भी मेरे नोटिस में आया हुआ है। वहां रेहड़ी हटाने से पहले इसका समाधान भी किया जाएगा।

# जिला लोक संपर्क व जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक कल

- पहले से निर्धारित 12 मामलों की होगी सुनवाई, विद्युत मंत्री रणजीत सिंह सुनेंगे शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विद्युत मंत्री रणजीत सिंह 10 जुलाई को पंचायत भवन में दोपहर 12 बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान करवाया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में जिला वन अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक, पुलिस अधीक्षक का एक, कार्यकारी अभियंता दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के तीन, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक, अतिरिक्त उपायुक्त का एक, जिला कल्याण अधिकारी नारनौल का एक, मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक नारनौल का एक, उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नारनौल का एक, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग महेंद्रगढ़ का एक व कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग नारनौल का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि वन मंडल अधिकारी कार्यालय महेंद्रगढ़ का डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक शर्मा, गांव बचीनी की सुनीता, बेरी का रामसिंह, नांगल सिरोही का राजेश, नारनौल का रिंकू, मोहल्ला फ्रांसखाना का दीपक चौहान, नांगलकाठा का राजकुमार, राता कलां का रोहित, बचीनी का सरपंच ग्राम पंचायत, अकबरपुर सिरोही का सरपंच ग्राम पंचायत, गांव गोद का शक्ति सिंह व गांव नांगतिहाड़ी का सुबेसिंह का मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

## नहर में डूबे युवक का गांव ले जाकर किया गया अंतिम संस्कार

**नारनौल।** सिहमा नहर में डूबे करीब 22 वर्षीय सचिन ठाकुर वासी गांव टप्पल जिला अलीगढ़ यूपी का सोमवार प्रातः नागरिक अस्पताल नारनौल में पोस्टमार्टम कराने उपरांत पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को सचिन ठाकुर अपने दोस्तों तरुण, मिंटू, विपिन व अन्य के साथ वाटर पार्क में नहाने आए थे, लेकिन वह वाटरपार्क जाने की बजाए सिहमा गांव की नहर पर चले गए। नहर में उस समय पानी का बहाव तेज था, जिसमें सचिन ठाकुर बह गया था। दो घंटे बाद उसकी डैडबॉडी मिल पाई थी। वह नीमराणा निजी कंपनी में नौकरी करता था और वहां की विजयबाग कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने परिजनों के यूपी से आने उपरांत आवश्यक कार्रवाई की और सोमवार प्रातः नारनौल अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

***आईटीआई में जॉब मेला कलः*** नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 10 जुलाई को जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेशानुसार 10 जुलाई को मेले का आयोजन किया जाएगा, इसमें विभिन्न कंपनी भाग लेंगी। शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुदर्शन ने बताया कि इस जॉब मेले में हरियाणा के निवासी तथा हरियाणा से आईटीआई पाससुदा छात्र सभी मूल दस्तावेज साथ लेकर आएं तथा फॉर्मल ड्रेस में प्रातः नौ बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नारनौल में पहुंचकर इस जॉब मेले का लाभ उठाएं।

### धरना स्थगित होने के बाद सात दिन के आश्वासन के बीच पार्षद वार्डों में जाकर समस्या से हो रहे रूबरू

पार्षदों की जुबानी तीन वार्डों का हाल बेहाल

# वार्ड 18, 20 व 28 का हाल बेहाल, 5 दिन बीतने के बाद भी वार्ड में नहीं आया टैम्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर परिषद गेट पर पार्षदों की ओर से दिए गए धरने को पांच जुलाई को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था। यह एक सप्ताह 12 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। इस बीच पार्षद शहर के वार्डों में जाकर समस्या से रूबरू हो रहे है और आमजन सहित प्रशासन को अवगत करवा रहे है। सोमवार को भी नौ वार्ड पार्षदों के दल ने तीन वार्डों का दौरा किया। इनमें वार्ड नंबर 18,20 व 28 है।

### वार्ड नंबर 18 का हाल

वार्ड नंबर 18 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी ने बताया कि उनके वार्ड में नेताजी सुभाष चंद स्टेडियम और मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चारदीवारी के बाहर नालों की सफाई ना होने कारण पानी आगे नहीं चल पाता तथा पानी वहां अनवरत खड़ा ही रहता हैं। ऐसे में वे चारदीवारी टूटने के कगार पर हैं, जिसके कारण कोई भी अनहोनी हो सकती हैं। जरा सी बारिश आते ही यहां सड़क पर तीन फिट पानी एकत्रित हो जाता हैं और कुछ ऐसा ही हाल नारनौल शहर की जनआस्था के प्रतीक श्रीश्याम मंदिर मार्ग का है। यहा सीवरेज व सड़क बेहाल होने की वजह से मुख्य रास्ते पर सदैव कीचड़ दिखाई देता है।



नारनौल। श्रीश्याम मंदिर मार्ग की दयनीय हालत दिखाते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### वार्ड नंबर 20 का हाल

वार्ड न. 20 के पार्षद नितिन चौधरी ने बताया कि उनके वार्ड की प्रमुख समस्या मौहल्ला बड़ का कुआं के नजदीक वाला नाला हैं, यहां नगर परिषद अच्छे से नाले की सफाई नहीं करती। यदा कदा कर भी देती हैं तो आधी अधूरी, नालियों से निकला मलबा काफी हद तक बहकर नालियों में ही चला जाता हैं। बड़ी नालियों को सीवरेज से जोड़ दिया, लेकिन उसके आगे जालियां नहीं लगी होने के कारण पॉलीथिन, बोतल व अन्य कचरा भी सीवर में चला जाता हैं जोकि सीवरेज ब्लॉक कर देता हैं। नप को चाहिए कि इसका तुरंत समाधान करवाया जाए। पार्षद ने बताया कि सफाई वाले टेम्पो नहीं आने के कारण वे साथियों सहित धरने पर भी बैठे, लेकिन उसके बाद भी उनके वार्ड में पांच दिन से कोई टेम्पो नहीं आया है।

***वार्ड नं. 28 का हालः*** वार्ड नंबर 28 के पार्षद प्रतिनिधि विकास यादव ने भी इसी नाले का जिक्र करते हुए बताया कि उक्त नाले पर अवैध कब्जे किए हुए हैं, जिसके कारण नाले की सही तरीके से सफाई नहीं हो पाती और बार बार वहां रुकावट आती हैं। जिसके कारण बड़ के कुएं वाले चौक पर स्कूली बच्चें, छोटा बड़ा तालाब जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता हैं, इसका समाधान निकालना बेहद आवश्यक हैं।

# सरपंच व ग्राम सचिव पर गबन का आरोप

- गांव भगडाना के 9 में से 6 पंचों ने एसडीएम व डीसी को दी शिकायत, सोमवार की सुबह गांव में ग्रामीणों ने की थी पंचायत
- पंचों का कहना है कि सरपंच व ग्राम सचिव ने मिलीभगत करके किया 5 लाख रुपये का गबन, बिना प्रस्ताव पारित किए फर्म को जारी की 5 लाख रुपये की राशि

**महेंद्रगढ़।** गांव भगडाना की पंचायत के पंचों ने गांव सरपंच व ग्राम सचिव पर मिलीभगत करके 5 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगाया है। वहीं ग्रामीणों की ओर से सोमवार की सुबह गांव के सरपंच के खिलाफ बैठक का भी आयोजन किया गया। इसके बाद गांव के छह पंचों की ओर से उपायुक्त के नाम ज्ञापन देकर सरपंच से रिकॉर्ड वापस लेने की मांग की।

गांव के पंच प्रवीन कुमार, बीना, बबली, पविता, महेंद्र व आशा ने उपायुक्त को दी शिकायत में बताया कि गांव सरपंच व ग्राम सचिव की मिलीभगत करके भारी गबन किया जा रहा हैं। सरपंच की ओर से बिना प्रस्ताव पारित किए गांव नालियों में ढक्कन लगवाने का कार्य दिखाकर पंचायत के खाते से 5 लाख रुपये निकाल लिए हैं। जबकि गांव 9 में से 6 पंच की ओर से प्रस्ताव पर हस्ताक्षर भी नहीं किए गए तथा न ही प्रस्ताव में ठीक से नालियों पर ढक्कन लगाने के कार्य का जिक्र किया गया है। वहीं गांव में किसी भी नाली पर ढक्कन भी नहीं रखवाए गए हैं। उनका कहना है कि सरपंच व ग्राम सचिव की ओर से बिना कोई कार्य करवाए, बिना किसी सामान की खरीद के फर्जी तरीके से प्रस्ताव पास करके पंचायत के खाते से निजी फर्म के खाते में 5 लाख रुपये की राशि अनुचित तरीके से भेज दी हैं। उन्होंने उपायुक्त से सरंपच से गांव का रिकॉर्ड वापस लेकर कार्यवाही की मांग की हैं। वहीं सरपंच प्रतिनिधि दिनेश कुमार का कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। गांव के कुछ लोग राजनीति के चलते उनको बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।



**महेंद्रगढ़।** ज्ञापन देने आए भगड़ाना की पंचायत के पंच।

बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।



# महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

## लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

## क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।

## कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।



### क्या कहते हैं आंकड़े

डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

## शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।

### टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

## जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

## स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और काम-काजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें।

---

डाइट एडवाइस
शिखर चंद जैन

हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।



# कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है।

### ब्रेकफास्ट करने के फायदे

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

---

# ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

टिप्स

आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।



- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।



- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं।

-सहेली फीचर्स

---

बिहेवियर / रेखा शाह आरबी

हम अकसर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

# जब मन हो इरिटेट

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्रायः कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-



**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।

**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।



**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है।

इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा।

### कब लें डॉक्टर से सलाह

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

---

लाइफस्टाइल / विनीता

आपके आस-पास जो भी लोग हैं, उनसे अपनेपन से जुड़ना जरूरी है। इससे आप जिंदगी में कभी भी खुद को अकेला नहीं महसूस करेंगी। हर मुश्किल का सामना आसानी से करेंगी। अपनों से आप कैसे जुड़ी रहें, जानिए।

# अपनों को देकर अहमियत जिंदगी बनाएं आसान



हम बिना समाज के अपनी कल्पना नहीं कर सकते। ऐसे ही नहीं कहा गया है 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।' हमारा परिवार, हमारे नाते-रिश्तेदार और मित्र, यहां तक कि आस-पड़ोस के लोग भी हमारा बहुत बड़ा संबल होते हैं। कठिन परिस्थितियों में इनकी सलाहें हमें सही राह दिखाती हैं। हम मुश्किलों से उबरते हैं। इनका साथ हमारे लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में कोई यह बोले, 'मुझे किसी की सलाह की जरूरत नहीं। मैं अपनी मर्जी की मालिक हूं। मुझे जो ठीक लगेगा वही करूंगी।' ऐसी सोच ठीक नहीं है। यह सोच आपको अहंकारी बनाती है। आप अपनों से दूर होकर, अपने जीवन में बहुत अकेली पड़ जाएंगी। इसलिए अपना व्यवहार कभी ऐसा ना रखें कि लोग आपको अहंकारी समझें। इस बात का ध्यान रखें, कहीं अनजाने में आप भी किसी ऐसी आदत की तो शिकार नहीं हो रही हैं, जो आपको अपनों से दूर कर दे। अगर आपको ऐसा लगता है, तो आज से ही अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अपने आस-पास के लोगों से जुड़ें, उनसे मिठास भरा रिश्ता बनाएं। इसके लिए आप कुछ बातों को अमल में लाएं-

**अपनों से लें सलाह:** आपको कोई ऐसा निर्णय लेना है, जो पूरे परिवार से जुड़ा है तो उसके बारे में परिवार के सभी सदस्यों को जरूर बताएं, उनकी राय लें। पति और घर के बुजुर्गों से तो राय लें ही, अगर आपके बच्चे टीनएजर हैं, तो उनसे भी सलाह लें। उनकी भी राय जानना भी आपके लिए जरूरी है। कई बार आप अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं, ऐसे में जब आप आस-पास के लोगों से उस समस्या के बारे में बातचीत करेंगी, आपके लिए उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस में जिनके साथ लंबे समय से काम कर रही हैं, आपके सीनियर हैं, किसी काम को शुरू करने से पहले इनसे विचार-विमर्श करें। वे अपने अनुभव के आधार पर आपको ऐसी सलाह दे सकते हैं, जो आपके करियर की सक्सेस के लिए जरूरी है।

**रिश्ते में आती है मजबूती:** जब आप अपनों से सलाह- मशविरा कर उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं, तो इससे आपके आपसी संबंधों में मजबूती आती है। दूसरा व्यक्ति भी जरूरत होने पर खुलकर आपके साथ अपनी भावनाओं की साझेदारी करेगा। यकीन मानिए, इस तरह के इमोशनल सपोर्ट जिंदगी के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

**अपनों को कराएं स्पेशल फील:** अपने प्रेममय व्यवहार से आप समय-समय पर अपनों को खास होने का अहसास दिलाती रहें। उदाहरण के लिए घर पर परिवार के सदस्यों से पूछें कि आज लंच या डिनर में क्या खाना पसंद करेंगे? उनकी पसंद के अनुकूल कोई डिश तैयार करें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। किसी वीकएंड पर आप उनके साथ उनकी किसी मनपसंद जगह घूमने जाएं, उनकी पसंद की मूवी भी उन्हें दिखा सकती हैं। इस तरह का आपका व्यवहार परिवार के सदस्यों का दिल जीतेगा।

**करें भावनाओं का सम्मान:** हो सकता है कि अपनों के लिए कुछ खास करने में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े फिर भी उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके अच्छे प्रयासों की सराहना करें। इससे उन्हें अच्छा महसूस होगा। वे भी आपकी भावनाओं का खयाल रखेंगे। इस तरह आप जब अपनों को अहमियत देंगी, उनका खयाल रखेंगी तो आपके रिश्ते हमेशा अपनेपन और प्रेम से भरे रहेंगे। आपकी जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच ने बेटे के जन्मदिन पर लगाए 101 पौधे

**मंडी अटेली।** प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की तरफ से क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी को देखते हुए सिहमा के पूर्व सरपंच नरेश यादव ने सोमवार को अपने बेटे जयवीर के 15वें जन्मदिन पर 101 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। पूर्व सरपंच नरेश यादव ने बताया कि पौधारोपण प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं।

### छबील लगाने पर जनसेवा फाउंडेशन का सम्मान

**मंडी अटेली।** बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन सिहमा को उपायुक्त मोनिका गुप्ता द्वारा इस वर्ष गर्मी में छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाने पर सोमवार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के सत्यप्रकाश यादव व संदीप ने बताया कि झुलसती हुई गर्मी में इस तरह के सेवा कार्य करने असीम सुख प्राप्त होता है। हमारी संस्था द्वारा गर्मी के मौसम में जगह-जगह प्याऊ व समय-समय पर छबील लगाकर लोगों मीठा पानी पिलाने का कार्य संस्था द्वारा किया गया है। गर्मी के मौसम में पहले भी समाज के सहयोग लोगों की सेवा करने का मौका मिलता है। जिला उपायुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र मिलने पर हमारी संस्था में खुशी व्याप्त है।

### अटेली महाविद्यालयों में शांतिपूर्वक हुई बीएड परीक्षा

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय एवं महिला महाविद्यालय में दो जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाली बीएड परीक्षा शांतिपूर्वक हुई। इस बारे मे जानकारी देते हुए मुख्य परीक्षा कंट्रोलर राजेश सैनी ने बताया की सोमवार को परीक्षार्थियों केंद्र में 755 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। दो जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाली इस परीक्षा में एक दिन पहले सैमेस्टर तथा दूसरे दिन सेकेंड सैमेस्टर की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तीन कॉलेजों के छात्र परीक्षा दे रहे हैं। कॉलेज प्रशासन की तरफ से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए कॉलेज प्रशासन की तरफ से समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा देने में कोई दिक्कत न हो।

### 6 को सिंचाई मंत्री व 22 अगस्त को सीएम के कैंप कार्यालय का घेराव करने का निर्णय

# 25 को करेंगे जनस्वास्थ्य मंत्री के बावल आवास का घेराव, बैठक में लिया निर्णय

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की ओर से कर्मियों की जायज मांगों को जानबुजकर लगातार लंबित किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बैठक को संबोधित यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय इंडस्ट्रियल एरिया में सम्पन्न हुई। जिसका मंच संचालन जिला वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण कुमार पूनिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य एजेंडा प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से लिए गए निर्णय पर विचार-विमर्श करना रहा। जिसमें निर्णय लिया के 25 जुलाई को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री डा. बनवारी लाल के बावल आवास का घेराव व कर्मचारियों का मांगपत्र सौंपा जाएगा। इसके अलावा छह अगस्त को सिंचाई विभाग के मंत्री डा. अभय सिंह यादव के कार्यालय व आवास का घेराव तथा प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 22 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कैम्प कार्यालय नारायणगढ़ पर प्रदर्शन व घेराव करने व कर्मचारियों का मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया। इस जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन से संबंधित जिले के सभी कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र धीमान ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से कर्मचारियों की जायज मांगों को जानबुजकर लगातार लंबित किया जा रहा है। वहीं सरकार कर्मचारी विरोधी नीति को अपनाते हुए अपनी तानाशाही का परिचय दे रही है। जिससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सात नवंबर 2023 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल के साथ सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में हुई संगठन की बैठक के दौरान मानी गई मांगों को आज तक भी धरातल पर लागू नहीं किया गया है। जिसमें मुख्य मांग पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करना, पुरानी एक्सग्रेसिया स्कीम बिना शर्त लागू करना, फ्री मेडिकल सुविधा पूर्ण रूप से लागू करना, सातवें वेतन आयोग के अनुसार 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता होने पर आवासीय भत्ता आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाए, कौशल रोजगार को भंग करके सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, कर्मचारियों की बकाया एलटीसी का भुगतान किया जाए, मैट्रिक पास को टैकनिकल स्केल दिया जाए आदि मांग शामिल है।

उन्होंने कहा कि समय रहते सरकार ने उपरोक्ता मांगों को नहीं माना तो ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ अपना आंदोलन को तेज करेगा। इस बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान जिलेसिंह भड़ाना, रणवीर सिंह दलाल प्रांतीय चेयरमैन, महेंद्र सिंह यादव प्रांतीय पूर्व मुख्य संगठनकर्ता, प्रांतीय मुख्य संगठनकर्ता रविंद्र कुमार, राज्य उपप्रधान सुभाष यादव, प्रांतीय सहसचिव रमेश शर्मा, प्रांतीय प्रेस सचिव दीपक शाण्डिल्य, जिला प्रधान कृष्ण शर्मा, जिला चेयरमैन राजेंद्र कामरेड, जिला मुख्य संगठनकर्ता रविंद्र यादव, सुरेंद्र फौजी प्रधान महेंद्रगढ़, कुलदीप शर्मा सचिव महेंद्रगढ़, भवानी शर्मा प्रधान नारनौल, सुभाष यादव प्रधान महेंद्रगढ़, वेदपाल तंवर प्रधान कनीना, मनोज शर्मा, पवन सैनी, प्रेम, शेखर सैन, नरेश, पवन कुमार, भूपसिंह, राजेश शर्मा, जिलेसिंह, राजेश, सुरेंद्र सिंह सरदार, विजय आदि मौजूद थे।



नारनौल। विद्यार्थियों का चयन करते एनसीसी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी में एनसीसी कैडेट्स के न्यू एनरोलमेंट में 24 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

यदुवंशी स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए एनसीसी कैडेट्स के न्यू एनरोलमेंट किए गए। यह न्यू एनरोलमेंट 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कर्नल अक्षय माथुर, सूबेदार मेजर ओमप्रकाश, सूबेदार मनोहर सिंह, हवलदार हरिसिंह, हवलदार संजीव कुमार की उपस्थिति में हुए। इस चयन प्रक्रिया में स्कूल के कक्षा नौवीं के 140 बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस चयन प्रक्रिया में सबसे पहले बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया गया। जिसमें 1200 मीटर दौड़, शटल रन व लम्बीकूद करवाई गई और बच्चों का मेडिकल चेकअप किया गया। तत्पश्चात बच्चों की लिखित परीक्षा हुई। इस चयन प्रक्रिया में केवल 24 बच्चों का ही चयन करना था।

यह सभी कार्य एएनओ संदीप यादव के देखरेख में हुआ। इस चयन प्रक्रिया के अंत में स्कूल निदेशिका सुरेश यादव ने चयनित कैडेट्स को बधाई दी। स्कूल प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक व उप प्राचार्य नरेश यादव ने कहा कि एनसीसी में सैन्य प्रशिक्षण के साथ ही बच्चों को अनुशासन व नेतृत्व का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

### बेस्ट मदर प्रतियोगिता में ममता प्रथम



**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्रामीण में सोमवार को खंड स्तरीय बेस्ट मदर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों से माताओं ने भाग लिया। जिसमें डा. शिवांगी व सीडीपीओ कांता देवी ने साक्षात्कार के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर माताओं का चयन किया। जिसमें सभी से बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण व खान पान संबंधी जानकारी ली गई। प्रतियोगिता में जोरासी से ममता देवी प्रथम, गोद से लक्ष्मी द्वितीय तथा महरमपुर से वंदना को तृतीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया। इस मौके पर सुपरवाईजर अनीता, सुनीता, सुमनलता, प्रबीन आदि मौजूद थी।

## शहर का पानी नप वार्ड के खेतों व रास्तों में एकत्रित, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। वार्ड नंबर-6 में जमा पानी का मुआयना करते राव सुखबिंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण वार्ड नंबर छह की ढाणी दोलावा, नूनी व शेखपुरा के लोग तीन-चार साल से बेहद परेशान है। एक तरफ जहां खेतों में पानी भर जाने के कारण लोग फसल की बिजाई नहीं कर पा रहे। वहीं बरसात का पानी रास्तों में जमा होने से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिंद्र सिंह ने नई कोर्ट के पीछे बसी ढाणी दोलावा वार्ड नंबर छह का दौरा करने के बाद कही। उन्होंने बताया कि नगर परिषद व प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते शहर का पानी कॉलोनी के पीछे वाले नाले से जाकर ढाणी दोलावा के आस-पास खेतों व रास्तों में जमा हो जाता है। लोगों ने उन्हें बताया है कि यह समस्या चार-पांच साल से बनी हुई है, लेकिन नगर परिषद कोई स्थाई समाधान नहीं कर रही। गत वर्ष भी यहीं समस्या नगर परिषद के समक्ष रखी गई थी, तो परिषद ने लाखों रुपये का तेल पंप सेट लगाकार कर फूक दिया, जिसका कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। राव सुखबिंद्र सिंह ने बताया कि जितना पैसा नगर परिषद गत वर्ष तक पंप सेट चलाकर खर्च कर चुकी है, उतने में पाइप लाइन बिछाकर इस पानी को हुडा सेक्टर के सीवर नाले में डालकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा सकता है, जो समस्या का स्थाई समाधान भी है।

## छात्रों को हॉलिडे होमवर्क करने के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। बच्चों को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को हॉलिडे होमवर्क करने के लिए पुरस्कृत किया गया। गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों को दिए गए गृह कार्य की जांच करने के बाद कक्षा पहली से पांचवीं तक के अध्यापकों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु विद्यार्थियों का चयन किया।

प्राइमरी हैड सोनल चौबे ने बताया कि कक्षा प्रथम डेजी से रिद्धि प्रथम, अवनी द्वितीय, हार्दिक तृतीय, कक्षा प्रथम लोटस से तेजस्विनी प्रथम, वंशिका द्वितीय, अनुष्का तृतीय, कक्षा द्वितीय लोटस से तिशा प्रथम, राघव द्वितीय व रिद्धि तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी लोटस से आरजू प्रथम, पियूष द्वितीय, वियाना तृतीय, तीसरी डेजी से हर्षिता प्रथम, हेशवी द्वितीय व तनुज तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं कक्षा चौथी डेजी में अभिजीत ने प्रथम, केशव ने द्वितीय, नित्यम ने तृतीय तथा कक्षा चौथी लोटस में रितिका ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय व गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं डेजी में अंकुर प्रथम, रविशा द्वितीय, गिरिका तृतीय तथा कक्षा पांचवीं लोटस में नैंसी प्रथम, प्राशन द्वितीय व सोनम ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विद्यालय की एमडी निधि वर्मा ने बताया कि सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए ही इस प्रकार की गतिविधियां की जाती हैं, ताकि इन बच्चों को देखकर दूसरे बच्चे भी इनसे प्रेरणा लें और अधिक मेहनत कर बेहतर शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करें। विद्यालय डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा व एमडी डा हितेश वर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में किया पौधारोपण



श्रीकृष्ण स्कूल में पौधारोपण करते हुए।

नारनौल। श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में बच्चों ने पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण किया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाए। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत 21 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाना ही एक मात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक प्रदूषण, आधुनिकीकरण के चलते काटे जा रहे वृक्षों की वजह से शुद्ध ऑक्सीजन मिलना भी मुश्किल हो गया है। इसलिए हम सभी को अपने घरों, विद्यालय अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेना होगा। चेयरमैन राजपाल यादव ने बताया कि जहां पेड़-पौधों की संख्या ज्यादा होती है, वहां अच्छी बारिश होती है। पेड़-पौधे पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा रूप है, जो हमें जीवन प्रदान करता है। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी पेड़ से ही प्राप्त होती है।

## डॉ. राज सुनेश ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जनसम्पर्क अभियान चलाती कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव।

■ कांग्रेस विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है, हम लड़ेंगे, जीतेंगे और सरकार बनाएंगे, चुनाव में होगी महिलाओं की अहम भूमिका

कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव ने नारनौल विधानसभा के गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया और बताया कि हमारा लक्ष्य गांव में घर-घर जाकर माता बहनों, बुजुगारे और नौजवान साथियों से मिलकर सभी को कांग्रेस की जनहित नीतियों को विधानसभा के हर कोने तक पहुंचना है। आज भाजपा सरकार से हर वर्ग बहुत ज्यादा परेशान है। आज युवा कितने ही पेपर लीक हो जाने की वजह से अपने भविष्य, महिला अपने हक और न्याय, किसान अपने हक और काले कानूनों के लिए सड़कों पर उतर कर संघर्ष कर रहे हैं। मौजूदा सरकार कुम्भकरण की नीद सो रही है। उन्होंने कहा कि सिरसा सांसद एवं कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पदयात्रा निकालने का फैसला लिया है। हम सभी उसका समर्थन करते है। जुलाई के अंत में शुरू होने वाली इस यात्रा का उद्देश्य कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाना और भाजपा के 10 साल के कुशासन से जनता को अवगत कराना है। नारनौल विधानसभा में बहुत की जोश और उत्साह से इस पदयात्रा का हिस्सा बनेंगे और बहन जी के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने गांव सिहमा, डेरोली अहीर, खासपुर, खामपुरा, शहरपुर, कुतबापुर, नूनी, सलूनी, बड़कोदा, बड़गांव, नांगतिहाड़ी, गुवानी में डोर-टू डोर-कर लिया है। इस मौके पर संदीप राव, सतीश माया, इंद्रा, रीना, सुरेश फोजी और अनुराधा भी मौजूद रही।



नारनौल। वासुदेव यादव व उनकी पत्नी कृष्णा आर्य को सम्मानित करती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक कार्यों के लिए उपायुक्त ने किया सम्मानित

नारनौल। पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल संरक्षण, मीठा जल वितरण, बालिका सुरक्षा एवं स्त्री सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रही संस्था लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। जिसमें नेहरू युवा केंद्र अधिकारी नित्यानंद यादव व रेडक्रॉस अधिकारी एसपी सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर गर्मी के मौसम में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाने व पशु पक्षियों के लिए जल उपलब्ध करवाकर जल सेवा करने हेतु सम्मान समारोह में प्रकोष्ठ प्रतिनिधि डा. कृष्णा आर्या, प्रो परमानंद दीवान, वासुदेव यादव, गीताबाई व सुषमा रानी को सम्मानित किया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा. कृष्णा आर्या ने बताया कि लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ 2014 से सामाजिक कायारे् में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहा है और आगे भी सामाजिक सेवा करता रहेगा। सदस्य परमानंद दीवान ने बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रकोष्ठ से एक लाख से अधिक पौधों का रोपण व वितरण किया है। संस्था प्रतिनिधि वासुदेव यादव ने बताया कि जून महीने में प्रकोष्ठ सदस्यों की ओर से राहगीरों को गर्मी के मौसम में ठंडा व मीठा जल पिलाया गया। इस मौके पर प्रो. परमानंद दीवान, वासुदेव यादव, गीताबाई, सुषमा रानी, विजयपाल यादव आदि मौजूद थे।

## आरडी ग्रीनफील्ड्स स्कूल में चलाया पौधरोपण अभियान



महेंद्रगढ़। विद्यालय में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** बुंदेबाज नगर स्थित आरडी ग्रीनफील्ड्स पब्लिक स्कूल चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह के 54वे जन्मदिवस पर स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में 300 पौधे लगाए गए। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह ने पौधों का हमारे जीवन में महत्व के बारे बताया व किस तरह से पौधे हमारे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं तथा साथ ही सभी बच्चों व स्टाफ सदस्यों से भी आग्रह किया कि वे सभी पांच-पांच पौधे जरुर लगाए। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह, सीईओ डॉ. हनुमान यादव, प्रिंसिपल भरत सिंह, समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।



नारनौल। जेठू बाबा मंदिर में पहुंचे अतेंद्र यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## अतेंद्र यादव ने जनसम्पर्क अभियान की जेठू बाबा मंदिर में माथा टेक की शुरुआत

**नारनौल।** सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अतेंद्र यादव ने गांव नसीबपुर में स्थित जेठू बाबा मंदिर में माथा टेककर जनसम्पर्क अभियान के तहत घर-घर में जाकर कांग्रेस पार्टी के प्रचार की शुरूआत की। गांव नसीबपुर व नांगतिहाड़ी में घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार करते हुए अतेंद्र यादव ने कहा कि गरीब तबके ही हर समस्या को सुनने व समाधान करने की क्षमता कांग्रेस पार्टी में ही है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा राज में महंगाई आसमान छू रही है। गरीब तबका इस कारण कर्ज तले दब रहा है। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान कांग्रेस की नीतियों को हर वर्ग तक पहुंचने का है। वह निरंतर नारनौल विधानसभा के गांवों का दौरा कर रहेंगे और हर घर जाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि हर भाजपा की गलत नीतियों से हर वर्ग किसान, व्यापारी, महिला, विद्यार्थी परेशान है। रोजाना प्रोपर्टी आईडी व फैमिली आईडी की खामियों के कारण उनकी चप्पल टूट गई है, पर समाधान नहीं हो रहा। कांग्रेस राज आने पर इन सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग कांग्रेस को आशा भरी नजर से देख रहा है इंतजार है तो सिर्फ विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होने का। कांग्रेस सत्ता में आने के बाद फिर से हरियाणा को हर क्षेत्र में नंबर वन बनाया जाएगा।

## वृक्ष हमारे प्रकृति के आभूषण हैं: पवित्रा





महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को पौध वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** पेड़-पौधे मानव ही नहीं समझ प्राणी जगत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं और हम उनके महत्व को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। वृक्ष हमारी प्रकृति के श्रृंगार भी हैं। हमें प्रकृति की सुंदरता को बनाए रखने के लिए अपना अहम योगदान देना चाहिए। उपरोक्त विचार आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने विद्यालय में आयोजित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। इस मौके पर विद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों को फल व छायादार पौधे वितरित किए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे पृथ्वी के श्रृंगार है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियान अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बीते वर्षों में जिले में सरकार की ओर से आयोजित पौधागिरी कार्यक्रम में भी विद्यालय के बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने सबसे अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड जिले सिंह, देवेन्द्र पुनिया, अमित कुमार, प्रीतिका शर्मा, अनिता अहलावत आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय सेना पुलिस में पीयूष यादव बने सहायक कमांडेंट

**नांगल चौधरी।** ढाणी मामराज कांवी के पीयूष यादव पुत्र प्रेम सिंह का भारतीय सेना पुलिस में सहायक कमांडेंट पर चयन हुआ है। उत्साहित ग्रामीणों ने प्रतिभाशाली युवा का अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पीयूष यादव ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई सरस्वती स्कूल में की थी। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री हासिल की। आईआईटी करने के बाद उन्होंने यूपीएससी के अंतर्गत सहायक कमांडेंट की परीक्षा दी। चयन की विभिन्न प्रक्रिया पूरी करने के बाद विभाग ने बीते सप्ताह नियुक्ति पत्र दे दिया है। पीयूष की सफलता से गांव के अन्य युवाओं को परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।



**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, सतनाली।**

मुकदमा अनुवान तकसीम
नन्दलाल बनाम हरचन्द वगैरा विस्वेदार मौजा बारडा

**मिसल नं. 345 / आर.एन.टी / तकसीम**
**आगामी ता. पेशी : 30.08.2024**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अनुवान मुकदमा मेरे न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि 5. सन्तरा पुत्री सुन्दर कौर पुत्र श्योनारायण 6. राजबीर पुत्र होशियार सिंह पुत्र श्योनारायण 15. होशियार सिंह पुत्र श्योनारायण पुत्र जसराम 16. सुनील कुमार 17. अनिल कुमार पुत्रान छोटेलाल पुत्र श्योनारायण वासीयान सुरेती जाखल उपतहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ। विस्वेदार मौजा बारडा उप तहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ। उक्त सभी को इस न्यायालय में पैरवी हेतु पेश होना है। उपरोक्त सभी को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 30.08.2024 को असालतन या वकालतन में पेश होवें। अन्यथा आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, सतनाली।**

## खबर संक्षेप

### हुडा सेक्टर के बंद मकान में चोरी

**नारनौल।** हुडा सेक्टर में रहने वाली एक दंपत्ति मकान को बंद कर फरीदाबाद चली गई। वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों को देखा तो लाखों कीमत के आभूषण व 50 हजार कैश नहीं मिला।

### कोका में खेत जुताई कर रहे व्यक्ति पर हमला

**कनीना।** कनीना-नारनौल मोर्ग स्थित गांव कोका में मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित विक्रम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह खेत जोतने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। खेत की जुताई करते समय वहां पर राजकुमार उर्फ पप्पू तथा हेमंत आ गए और कुल्हाडी-जेली से उन पर वार करने लगे। जिससे वह घायल हो गया। ट्रैक्टर पर भी वार किया।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**कनीना।** उपमंडल के गांव छितरोली में अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर 42 हजार रुपये की नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिए। इस बारे में मकान मालिक बलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेवाड़ी के सेक्टर तीन में रहता है। चार जुलाई को वह छितरोली अपने घर पर आया तो दरवाजे के ताले टूटे हुए मिले।

### ट्रांसफार्मर से तेल व कीमती सामान चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव पालड़ी पनिहार में अज्ञात चोरों ने बिजली के पोल पर लगे कर लिया। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव पालड़ी पनिहार निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने अपने ट्यूबवेल पर 25 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ है।

### गुम हुए दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस ने रास्ता भटक कर गुम हुए दो बच्चों को परिजनों से मिलवाया है। दरअसल राजस्थान के बुहाना क्षेत्र के रहने वाले दो बच्चे घर से बिना बताए चले गए। बच्चे अपनी दादी के पास जाने के लिए चले गए थे। बच्चे देर शाम बस स्टैंड पर लावारिस हालत में घूम रहे थे।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 14 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के महासचिव मुखराम सैनी ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक 14 जुलाई को सुबह 11 बजे किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के अतिरिक्त शहर के ज्वलंत मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श किया जाएगा।

### बालाजी मित्र मंडल का सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को कैलाश चंद्र गुप्ता राकेश गुप्ता के निवास स्थान मोहल्ला गुरुनानकपुरा राव बंसी सिंह पार्क के पास सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**कनीना।** एसडीएम कार्यालय में आयोजित होने वाले समाधान शिविर में अब तक 135 शिकायतें पहुंची। जिनमें अधिकांश परिवार पहचान पत्र, बिजली-पानी तथा मकान मरम्मत से संबंधित थी। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकांश शिकायतों का समाधान किया जा चुका है तथा कुछ का कार्य प्रगति पर है। सोमवार को करीरा के ग्रामीणों ने गांव में बने जोहड़ के ओवरफ्लो होने की समस्या रखी।

# 6 माह में डायल-112 पर आई 20776 कॉल, अधिकांश घटना स्थल पर चंद मिनटों में पहुंच पीड़ितों की मदद की

- महज कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित लोगों को पहुंचा रही मदद : अर्श वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस विभाग की ओर से डायल 112 पुलिस सेवा, पीड़ित व्यक्तियों तथा फरियादियों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। जब भी कोई नागरिक स्वयं को असहाय एवं असुरक्षित महसूस करता है, तो वह तुरंत डायल 112 पर जब भी कॉल करता है। जिस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचती है। जिसकी वजह से पीड़ित व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर सेफ सिटी कैंपेन के तहत डायल 112 की ओर से ट्रिप मॉनिटरिंग की सेवा भी स्टार्ट की हुई है। पुलिस विभाग की माने तो सेवा, सुरक्षा और सहयोग पुलिस का परम दायित्व है तथा आम आदमी के जान एवं माल की सुरक्षा करना पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। डायल 112 प्रोजेक्ट के तहत जिले में तैनात किए गए इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकल, ईआरवी कॉल प्राप्त होने के महज कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों की मदद कर रही है। सड़क दुर्घटना, झगड़ा, महिलाओं के विरूद्ध अपराध, बच्चों से संबंधित अपराध इत्यादि किसी भी प्रकार की घटना होए सूचना मिलते ही ईआरवी तुरंत मौके पर पहुंचकर लोगों की सहायता कर रही है और घायलों की जान बचाने का काम भी कर रही है। जिससे पुलिस का सेवा, सुरक्षा व सहयोग का नारा सार्थक हो रहा है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में जनवरी से जून माह तक महेंद्रगढ़ जिले में ईआरवी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में 20776 काल प्राप्त हो चुकी है। कॉल प्राप्त होते ही डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों ने चंद मिनटों में मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निपटान किया। वहीं दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनका जीवन बचाया। इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकलों में घायलों की मदद के लिए स्ट्रेचर, फर्स्ट एड बाक्स के अलावा अन्य उपकरण भी लगाए गए हैं।

### झूठी सूचना न दें एसपी की अपील


एसपी अर्श वर्मा।

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल कर पुलिस की मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि डायल 112 के तहत तैनात ईआरवी कॉल प्राप्त होने के महज कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित लोगों को मदद पहुंचा रही है। एसपी ने कहा कि डायल 112 पर किसी भी प्रकार की झूठी सूचना न दें, झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**डायल 112 कॉल का विवरण**

| महीना | कॉल संख्या |
|---|---|
| जनवरी | 2798 |
| फरवरी | 2737 |
| मार्च | 3474 |
| अप्रैल | 3748 |
| मई | 4264 |
| जुन | 3755 |

### जिले में तैनात हैं 16 ईआरवी

प्रदेश सरकार की डायल 112 योजना के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र के अनुसार दो ईआरवी तैनात किए गए हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ के सिटी कनीना पुलिस स्टेशन, सदर कनीना पुलिस स्टेशन, निजामपुर थाना व नांगल चौधरी थाना में एक-एक ईआरवी तैनात हैं और थाना शहर नारनौल, थाना सदर नारनौल, थाना अटेली, थाना शहर महेंद्रगढ़, थाना सदर महेंद्रगढ़ और थाना सतनाली में दो-दो ईआरवी तैनात हैं। ऐसे में जिले में 16 ईआरवी लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं।

## जल्द ही बचा हुआ कार्य किया जाएगा पूरा

# पर्यटन विभाग ने महेंद्रगढ़ और माधोगढ़ किले का किया निरीक्षण

### प्राचीन धरोहर को पर्यटन के नक्शे पर लाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ किले का निरीक्षण करती विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़ किले और माधोगढ़ किले के दिन एक बार फिर फिरने वाले हैं। पिछले लगभग दो से बंद पड़े दोनों किलों के जीर्णोद्धार कार्य जल्द शुरू होंगे। आज पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने महेंद्रगढ़ किले और माधोगढ़ किले का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को दोनों पर्यटन केंद्र पर बचे हुए काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन प्राचीन धरोहर को पर्यटन के नक्शे पर लाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विभाग के लोकल अधिकारियों से काम रूकने के कारण भी पूछे।

इस मौके पर उनके साथ हैरिटेज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर बनानी भट्टाचार्य और पर्यटन विभाग के डीजीएम हरविंद्र सिंह मौजूद रहे। बता दें कि काफी दिनों से महेंद्रगढ़ किले और माधोगढ़ किले का काम बीच में ही छोड़ दिया गया था। काम पूरा होने से पहले ही पर्यटन विभाग ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जाना था, ताकि दोनों पर्यटन केंद्र किसी कंपनी को लीज पर दे दें और वहीं उस काम को पूरा कर दें।

अधिकारियों का कहना है कि उसमें कोई खास रिस्पांस नहीं मिला था। आखिर अधिकारियों ने किसके कहने पर यह कदम उठाया था यह तो पता नहीं लेकिन सरकार ने इसका पूरा बजट अप्रूव किया हुआ था बावजूद इसके दोनों प्रोजेक्ट के काम पूरे नहीं किए गए। जबकि प्रदेश सरकार स्वयं इस पूरे क्षेत्र को टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करना चाहती है। क्षेत्र के रूके हुए विकास कार्यों को लेकर 13 जून को पूर्व शिक्षामंत्री रामिबलास शर्मा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले थे। उसके बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रूके हुए कामों को पूरा करने के आदेश दिए थे।

**यह हो चुका है कामः**

माधोगढ़ किले पर स्थित बावड़ी का 1.14 करोड़ रुपये से बनकर तैयार की जा चुकी है। किले पर स्थित रानी महल का जीर्णोद्धार 257 करोड़ रुपये से किया जाना था। जिसका लगभग 60 से 70 प्रतिशत काम हो चुका है। अभी इसके अंदर बाहर की साज-सज्जा का काम बचा हुआ है। इसके अलावा बिजली और पानी की व्यवस्था भी की जानी है। नीचे रोड से लेकर रानी महल तक लाइटिंग की व्यवस्था की जानी है। महेंद्रगढ़ किले काम भी 50 प्रतिशत काम पूरा हुआ है। इसका जीर्णो्दधार लगभग 13 करोड़ 98 लाख रुपये से किया जाना है। इसका काम लगभग दो साल से बंद पड़ा है।

# काम पसंद नहीं आने पर हेल्पर को निकाला

- नौकर ने दुकानदार की कर दी धुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। सीसीटीवी में कैद दुकानदार की पिटाई करते आरोपित।

दुकानदार ने हेल्पर रखा। उसके काम से संतुष्ट नहीं हुआ तो उसे दुकान छोड़ने को कह दिया। दुकानदार का आरोप है कि इसके बाद आरोपित हेल्पर दुकान पर आया और उस सहित बेटे से भी मारपीट की। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर सिटी पुलिस ने आरोपित शिवम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,190,191(2),333,351(2) के तहत केस दर्ज किया है। मोहल्ला नई सराय वासी नवीन बंसल ने शिकायत में बताया है कि उसने बाजाजा बाजार की मनीहारन गली में बालाजी कोचिग सेंटर के नाम से दुकान है। चार-पांच दिन पहले शिवम वासी मौहल्ला मिश्रवाड़ा को अपनी दुकान पर बतौर हेल्पर रखा था। वह दुकान पर ठीक से काम नहीं कर रहा था। उसको ठीक से काम नहीं करने पर अपने घर चले जाने को बोल दिया। इस बात पर नाराज होकर शिव सुबह 11 बजे अपने पांच-छह दोस्तों के साथ दुकान पर आया। दुकान में घुसकर कपड़ा मापने वाले लोहे के मीटर से सिर में चोट मारी। बचाने के लिए हाथ आगे किया तो हाथ के भी चोट लगी।



### प्रशासन लोगों को पारदर्शी व जवाबदेह शासन प्रदान करने को प्रतिबद्धः उपायुक्त मोनिका गुप्ता

**नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। वही संबंधित उपमंडल में भी इसी प्रकार समाधान शिविरों में जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जिले में कुल 171 शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद थे। उपायुक्त ने मौके पर अधिकारियों को नागरिकों का समाधान करके राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों को अपनी शिकायतें उठाने और उनका समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए सरकार की एक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लोगों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में डीसी कोर्ट में पहचान पत्र से संबंधित कार्य किए गए। यहां पर भी लोगों के मौके पर ही काम किए गए।

### पटीकरा में लगा स्वास्थ्य कैंप

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र गांव पटीकरा में स्वास्थ्य कंपनी स्मार्टग्राम ने वार्ड नंबर नौ के पार्षद प्रतिनिधि भास्कर खनगवाल के सहयोग से स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया। इसमें कंपनी की ओर से चिकित्सक धीरज मेहता व उनकी टीम मौजूद रही। उन्होंने गांव के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श दिया। वहां स्मार्टग्राम की तरफ से ही रेडक्लिफ लैब के प्रतिनिधि भी मौजूद थे, जिन्होंने लोगों के कम कीमत में स्वास्थ्य संबंधी जांच की। वहां ब्लड प्रेशर, शुगर व ईसीजी की जांच मुफ्त में की गई। कंपनी की संस्थापक श्रुति ठाकुर ने कहा कि बेहतर जीवन शैली और खान पान होने के बाद भी गांव की औसत आयु शहरों की अपेक्षा पांच वर्ष कम है, क्योंकि समय रहते उनको सभी जरूरी सुविधाएं और उत्पाद नहीं मिल पाते।

### कुम्हार प्रजापति सभा की हुई बैठक

**नारनौल।** कुम्हार प्रजापति सभा की बैठक नेताजी सुभाष पार्क में हुई। जिसकी अध्यक्षता वीरसिंह खाटूवाल ने की। सभा में प्रधान जोगेंद्र सिंह राजोरा ने वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिस पर उपस्थित सदस्यों व समाज के गणमान्य लोगों ने सहमति जताई। इस अवसर पर कुम्हार प्रजापति सभा का चुनाव त्रि-वार्षिक चुनाव चार अगस्त को करवाने का निर्णय लिया। बैठक में समाज में फैली कुरीतियों पर मंथन किया गया। प्रधान ने प्रकृति के रख रखाव के लिए सभी को पांच-पांच छायादार पौधे लगवाने के बारे में भी कहा। इस मौके पर प्रह्लाद सिंह, रतिराम गुवानी, इंद्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष यादराम, सुरेंद्र एडवोकेट, ईश्वर मास्टर, डा. भगतसिंह, उपप्रधान नौरंगलाल आदि रहे।


महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने शिविर में सुनी पांच लोगों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने सोमवार को समाधान शिविर में पांच लोगों की शिकायतें सुनी, इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो रही है। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद शर्मा, जिला कल्याण विभाग से ममता, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द, क्रीड विभाग से रवि तंवर व अनिता भालोठिया के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय बनाने की मांग

- सीएम नायब सैनी 15 जुलाई तक अगर जिला मुख्यालय की घोषणा नहीं की तो होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। पत्रकारवार्ता करते बलवान फौजी व सरपंच देशराज फौजी।

जिला मुख्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित करवाने को लेकर सोमवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों की एक बैठक मसानी चौक बंसल आई केयर के पास एलाइंस टावर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पाली गांव के सरपंच देशराज सिंह फौजी को अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सीएम नायब सैनी की ओर से जल्द जिला मुख्यालय से संबधित पत्राचार नहीं कराते है तो अध्यक्ष देशराज सिंह फौजी के नेतृत्व में गांव पाली के बाबा जयराम दास के मंदिर में माथा टेककर महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। वहीं इसके बाद गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़कर एक बड़ा आंदोलन करने का कार्य करेंगे।

सरपंच देशराज पाली ने कहा कि अगर मुख्यालय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। समाजसेवी बलवान फौजी ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा के गांव-गांव जाकर आने वाली 10 से 15 अगस्त के बीच में एक बड़े आंदोलन में भाग लेने के लिए लोगों को पीले चावल देकर निमत्रंण देगे। जिसमें करीब 15 से 20 हजार लोग शामिल होंगे और यह लोग धरने से तब तक नहीं उठेंगे जब तक महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित हो जाए। उन्होंने कहा कि यह धरना दिन के साथ-साथ रात्रि को भी जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डॉ. धर्मवीर पायगा, विजय कुमार, कैप्टन सूबेसिंह, सत्यवीर पायगा, प्रशांत फौजी, ओमप्रकाश फौजी, राजेश फौजी, दीपक फौजी सुरजनवास, रणधीर सिंह गुढ़ा, अमित फौजी माजरा खुर्द, विक्रम मेघनवास, आशीष चिकना, सुनील कुमार, सूबेदार आत्मप्रकाश, धीरेंद्र सरपंच कोथल खुर्द, उमराव सिंह, अनिल झूक, फौजी सत्यवीर सिंह मांडोला, महेश फौजी रिवासा, एडवोकेट संजय रिवासा, रामस्वरूप नांगल हरनाथ, संदीप यादव झूक, इंजीनियर संदीप शास्त्री, सत्यवान सरपंच, संदीप ठेकेदार व दिनेश खुड़ाना आदि मौजूद थे।



### बिरेंद्र गोठड़ी के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**नांगल चौधरी।** गौरक्षा एवं बजरंग दल के प्रधान बिरेंद्र गोठड़ी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को अपने जन्मदिन में रक्तदान करने तथा एक पौधा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्त और वायु ये दोनों ही जीवनदाता होते हैं लेकिन करोड़ों खर्च करके भी रक्त का उत्पादन नहीं कर सकते, केवल डोनेट ही एकमात्र विकल्प है। शुद्ध वायु के लिए पौधारोपण एवं पेड़ संरक्षण करना अनिवार्य है। हरियाली बढ़ाने के लिए प्रत्येक युवा को अपने व परिजनों के जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की मुहिम शुरू करनी होगी। जिससे पेड़ और परिवार के बीच लगाव बढ़ेगा। इसके बाद रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। चिकित्सीय टीम ने 200 से अधिक यूनिट एकत्र करके विभाग को सौंपी। इस दौरान युवाओं ने तीन गौशाला में हरे चारे की सवामणी लगाकर लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल यादव, रविंद्र गुर्जर, बिक्रम सरपंच, सुरेश कुमार मौजूद थे।

## नागरिकों ने जिला प्रशासन की इस पहल को सराहा

# अभियान के तहत 5.30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

- डीसी ने की सामाजिक संगठनों के साथ बैठक
- एक पेड़ मां के नाम करके सोशल मीडिया पर डालें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत 10 जुलाई को सुबह सात बजे बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान की शुरूआत होगी। इस बार जिला महेंद्रगढ़ में 5.30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान को कामयाब बनाने के लिए सोमवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पंचायत भवन में सामाजिक संगठनों व एनजीओ के साथ बैठक की। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि इस अभियान में जिले के नागरिक, एनजीओ, सामाजिक संगठन व अधिकारी-कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ भाग लेंगे। सभी नागरिक एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी फोटो पोर्टल पर अपलोड करेंगे। वहीं एक पेड़ मां के नाम करके सोशल मीडिया पर डालेंगे। उन्होंने बताया कि जिले की सभी व्यायामशालाओं, जलघर आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज तथा सरकारी जमीन पर सघन रूप से पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जलशक्ति अभियान के तहत 2.5 लाख, शिक्षा विभाग 51 हजार तथा मुफ्त सप्लाई 75 हजार की होगी। इस दौरान वन विभाग लगभग 1.54 लाख पौधे लगवाएगा। डीसी ने सभी सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि जिस तरह गर्मी के सीजन में छबील लगाकर समाज सेवा करने का काम किया है उसी प्रकार इस पौधारोपण अभियान में भी सभी सामाजिक संगठन व एनजीओ बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के साथ समाज मिलकर कार्य करें तो हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है।

**ये हैं वन विभाग की नर्सरियां**

वन विभाग महेंद्रगढ़ की ओर से नागरिकों को मुफ्त में पौधे दिए जा रहे हैं। कोई भी नागरिक वन विभाग की सात नर्सरियों से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। जिले में कृष्णावती नीरपुर, लहरोदा, सिहमा, भुगांरका, महेंद्रगढ़ फॉरेस्ट कंपलेक्स, झगड़ोली, धनौंदा में वन विभाग की नर्सरियां हैं। जिले में लगभग 75 हजार पौधे मुफ्त में दिए जाएंगे।